# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
**CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR**
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर, कानपुर–208024

## परीक्षा समिति की 13वीं बैठक (आपात) दिन बुधवार, दिनांक: 29.03.2023
## कार्यवृत्त

दिनांक 29.03.2023, दिन बुधवार को अपराह्न 03:00 बजे सेण्टर फॉर एकेडमिक्स भवन स्थित कार्यपरिषद कक्ष में परीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे :–

| क्र.सं. | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 विनय कुमार पाठक, कुलपति, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, प्रति कुलपति/आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 संदीप कुमार सिंह, आचार्य, प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 एस0के0 श्रीवास्तव, डीन साइंस, डी0ए0वी0 कालेज, कानपुर | सदस्य |
| 5. | प्रो0 नन्दलाल यादव, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 वर्षा गुप्ता, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्या |
| 7. | प्रो0 नीरज कुमार सिंह, आचार्य, आई0बी0एम0 विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 (श्रीमती) रोली शर्मा, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | सदस्या |
| 9. | प्रो0 विवेक कुमार द्विवेदी, प्राचार्य, बी0एन0डी0 कालेज, कानपुर | सदस्य |
| 10. | डॉ0 प्रभात द्विवेदी, इंस्टीट्यूट ऑफ बिज़नेस मैनेज़मेन्ट, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 11. | डॉ0 अनुराधा कलानी, सहा0 आचार्य, लाइफ साइंस विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 बी0डी0 पाण्डेय, अध्यक्ष, कानपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन। | सदस्य |
| 13. | डॉ0 अवधेश सिंह, महामंत्री, कानपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन। | सदस्य |
| 14. | डॉ0 अनिल कुमार यादव, कुलसचिव, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 सुधान्शु पाण्डिया, परीक्षा नियंत्रक, सी.एस.जे.एम. वि.वि.कानपुर। | पदेनसचिव |
| 16. | प्रो0 रिपुदमन सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 17. | प्रो0 आर.के. द्विवेदी, निदेशक, सी.डी.सी., सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | डा0 सरोज कुमार द्विवेदी, सिस्टम मैनेजर, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |

सचिव द्वारा नवनिर्वाचित सदस्यों एवं उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से परीक्षा समिति की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गये–

**मद संख्या 2023.13.01**

**आगामी वार्षिक मुख्य परीक्षा (सत्र 2022–2023) हेतु परीक्षा कार्यक्रम/समय सारणी के अनुमोदन पर विचार।**

**निर्णय–**

आगामी वार्षिक मुख्य परीक्षा (सत्र 2022–2023) हेतु परीक्षा कार्यक्रम/समय सारणी के सम्बन्ध में परीक्षा समिति द्वारा वार्षिक परीक्षाएँ दिनांक 25 अप्रैल, 2023 से तीन पालियों (प्रातः 07:00–10:00, पूर्वाह्न 11:00–02:00 एवं अपराह्न 03:00–06:00) में सम्पादित करायी जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

**मद संख्या 2023.13.02**

**एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत परीक्षाओं हेतु प्रश्न पत्र का पैटर्न निर्धारित किये जाने हेतु गठित समिति की आख्या के आलोक में विषम सेमेस्टर की परीक्षायें सब्जेक्टिव प्रकार तथा सम सेमेस्टर की परीक्षायें आब्जेक्टिव (MCQ) प्रकार की कराये जाने के निर्णय पर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**निर्णय–**

एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर की परीक्षायें सब्जेक्टिव प्रकार तथा सम सेमेस्टर की परीक्षायें आब्जेक्टिव (MCQ) प्रकार की कराये जाने के निर्णय पर परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

## मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।

**मद संख्या 2023.13.01 अ.म.**

**बी0ए0एम0एस0 / बी0यू0एम0एस0 के पुनर्मूल्यांकन के परीक्षाफल का निर्माण कराये जाने की प्रक्रिया पर विचार।**

**निर्णय–**

बी0ए0एम0एस0 / बी0यू0एम0एस0 के पुनर्मूल्यांकन के परीक्षाफल के निर्माण के सम्बन्ध में परीक्षा समिति द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दो विषय विशेषज्ञों द्वारा आवंटित अंकों का औसत तथा परीक्षार्थी द्वारा पूर्व में प्राप्त अंक / अंकों में अधिकतम् अंक के आधार पर परीक्षाफल तैयार किया जाये।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

**मद संख्या 2023.13.02 अ.म.**

**संस्थान बोरा इन्स्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ साइन्सेज लखनऊ के पत्र संख्या– BIAHS/BMLT/2022-23/6387 दिनांकः 12.03.2023 के द्वारा प्रवेशित छात्र जजवीर पुत्र श्री रामबली सिंह जो सत्र 2016–17 का छात्र है, के सम्बन्ध में विभागाध्यक्ष द्वारा जजवीर सिंह पुत्र श्री रामबली सिंह को बी0एम0एल0टी0 द्वितीय वर्ष की परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।**

**निर्णय–**

संस्थान बोरा इन्स्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ साइन्सेज लखनऊ के पत्र संख्या– BIAHS/BMLT/2022-23/6387 दिनांकः 12.03.2023 के द्वारा प्रवेशित छात्र जजवीर पुत्र श्री रामबली सिंह जो सत्र 2016–17 का छात्र है, के सम्बन्ध में विभागाध्यक्ष द्वारा जजवीर सिंह पुत्र श्री रामबली सिंह को बी0एम0एल0टी0 द्वितीय वर्ष की परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान किये जाने के प्रस्ताव पर परीक्षा समिति द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की अधिकतम अवधि समाप्त हो जाने के कारण छात्र जजवीर पुत्र श्री रामबली सिंह को उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जा सकती है।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

**मद संख्या 2023.13.03 अ.म.**

**कार्यालय ज्ञाप सी0एस0जे0एम0वि0वि/सी0ओ0ई0/3158/2022 दिनांक 25/08/2022 द्वारा हलीम मुस्लिम पी0जी0 कालेज कानपुर नगर के प्रवक्ता मोहम्मद आरिफ की बी0ए0 प्रथम वर्ष की अंकतालिका/प्रमाण–पत्र के सत्यापन के सन्दर्भ में गठित समिति की पूर्व बैठक दिनांक 16.09.2022, 06.02.2023 एवं 25.03.2023 के कार्यवृत के अनुमोदन एवं परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 08.02.2023 के मद संख्या–2023.12.07 अ0म0 द्वारा मो0 आरिफ को अंकपत्र निर्गत किये जाने सम्बन्धी लिये गये निर्णय पर पुनर्विचार।**

निर्णय–

परीक्षा समिति द्वारा श्री मोहम्मद आरिफ के पत्र दिनांक 20.07.2022, बी0ए0 प्रथम (1988–89), द्वितीय (1989–90), तृतीय (1990–91) वर्ष के अंक पत्र एवं उपाधि के सत्यापन सम्बन्धी आवेदन के क्रम में विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः सी0एस0जे0एम0वि0वि0/सी0ओ0ई0/3158/2022 दिनांक 25.08.2022 के द्वारा गठित समिति के कार्यवृत्त दिनांक 03.09.2022, 06.02.2023 एवं 25.03.2023 का अवलोकन किया गया, जिसके मुख्य/प्रभावी अंश निम्नवत् है –

"आर्यनगर इण्टर कॉलेज में विश्वविद्यालय की वर्ष 1989 में सम्पन्न हुई व्यक्तिगत परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की उपलब्ध करायी गयी अवार्ड लिस्ट की स्कैन्ड कॉपी की जांच के आधार पर पाया गया कि अनुक्रमांक 109177, जिसके प्रति मोहम्मद आरिफ ने विषय इतिहास, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र एवं आधार पाठ्यक्रम हिन्दी (कुल 07 प्रश्नपत्र) में परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने का दावा किया है आवंटित है, अनुक्रमांक 109177 पर परीक्षार्थी द्वारा दिये पांच प्रश्नपत्रों के अंक अवार्ड लिस्ट की स्कैन्ड कॉपी के आधार पर उपलब्ध है।

मोहम्मद आरिफ द्वारा बी0ए0 प्रथम वर्ष की वर्ष 1989 में **अनुक्रमांक 109177** के सापेक्ष दी गयी परीक्षा में पूर्णांक 350 के सापेक्ष इतिहास विषय के दोनों प्रश्नपत्रों में 40 अंक, राजनीतिशास्त्र के दोनों प्रश्नपत्रों में 33 अंक, समाजशास्त्र के एक प्रश्न पत्र में 20 अंक व एक प्रश्न पत्र में अनुपलब्ध एवं आधार पाठ्यक्रम हिन्दी के एक प्रश्नपत्र में अनुपलब्ध है, परन्तु समस्त विषयों/प्रश्नपत्रों का प्राप्तांक योग 123 उपलब्ध है, यदि कुल योग 123 से समस्त उपलब्ध प्राप्तांकों का योग, जो 93 है, घटाया जाय तो 30 अंक शेष रहते हैं, यही 30 अंक समाजशास्त्र विषय के एक प्रश्नपत्र एवं आधार पाठ्यक्रम हिन्दी के प्रश्नपत्रों का योग है।

मोहम्मद आरिफ को बी0ए0 प्रथम में यदि इन 30 अंकों को आधार पाठ्यक्रम हिन्दी में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 17 एवं समाजशास्त्र विषय के एक प्रश्नपत्र में शेष 13 अंक में विभाजित कर प्रदान दिया जाय तो परीक्षाफल उत्तीर्ण हो जाता है, साथ ही कुल प्राप्तांक 123 भी संरक्षित रहता है।

उपरोक्त समाधान के आधार पर समिति मोहम्मद आरिफ को बी0ए0 प्रथम वर्ष की व्यक्तिगत परीक्षा 1989 की अंकतालिका निर्गत किये जाने की संस्तुति करती है।"

समिति की बैठक दिनांक 06.02.2023 मे समिति द्वारा प्रस्तुत अख्या समाधान एवं संस्तुति के क्रम में सन्दंभित प्रकरण मे विश्वविद्यालय अभिलेखो के अवलोकन के उपरान्त यह पाया गया था कि अनुक्रंमाक 109177 (जिसके सापेक्ष श्री मोहम्मद आरिफ पुत्र श्री मो0 अली, आर्य नगर इण्टर, कालेज, कानपुर की अंकतालिका निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है) के सापेक्ष विश्वविद्यालय अभिलेखों में निम्नलिखित विवरण उपलब्ध हैं –

| | | |
|---|---|---|
| **कु0 गुन्जन पुत्री श्री बाबू राम,**<br>परीक्षा केन्द्र– आर.एम.पी. कॉलेज, सीतापुर। (व्यक्तिगत) | अंग्रेजी भाषा, हिन्दी, राजनीतिषास्त्र एवं समाजशास्त्र<br>अनुक्रमांक–109177 | **अनुपस्थित** |

अतः समिति द्वारा पूर्व में की गयी संस्तुति "उपरोक्त समाधान के आधार पर समिति मोहम्मद आरिफ को बी0ए0 प्रथम वर्ष की व्यक्तिगत परीक्षा 1989 की अंकतालिका निर्गत किये जाने की संस्तुति करती है।" के क्रम में श्री मोहम्मद

आरिफ पुत्र श्री मो0 अली, का विवरण परीक्षा केन्द्र आर्य नगर इण्टर, कालेज, कानपुर मे अनुक्रमांक 109177 के सापेक्ष अंकित करते हुए बी0ए0 प्रथम वर्ष की अंकतालिका निर्गत किये जाने की संस्तुति की जाती है।

"उपरोक्त समाधान के आधार पर समिति मोहम्मद आरिफ को बी0ए0 प्रथम वर्ष की व्यक्तिगत परीक्षा 1989 की अंकतालिका निर्गत किये जाने की संस्तुति करती है।" के क्रम में श्री मोहम्मद आरिफ पुत्र श्री मो0 अली, का विवरण परीक्षा केन्द्र आर्य नगर इण्टर, कालेज, कानपुर मे अनुक्रमांक 109177 के सापेक्ष अंकित करते हुए बी0ए0 प्रथम वष की अंकतालिका निर्गत किये जाने की संस्तुति की जाती है।"

**निष्कर्ष/निर्णय**

परीक्षा समिति द्वारा उपर्युक्त सन्दर्भित प्रकरण में गठित समिति के कार्यवृत्त दिनांक 03.09.2022, 06.02.2023 एवं 25.03.2023 द्वारा की गयी संस्तुति का परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् अवलोकन किया गया एवं यह पाया गया कि श्री मोहम्मद आरिफ बी0ए0 प्रथम वर्ष के वर्ष 1989 में अनुक्रमांक 109177 के सापेक्ष दी गयी परीक्षा में पूर्णांक 350 के सापेक्ष इतिहास विषय के दोनों प्रश्नपत्रों में 40 अंक, राजनीतिशास्त्र के दोनों प्रश्नपत्रों में 33 अंक, समाजशास्त्र के एक प्रश्नपत्र में 20 अंक एवं समस्त विषयों/प्रश्नपत्रों के प्राप्तांक का योग 123 उपलब्ध है।

परीक्षा समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि श्री मो0 आरिफ पुत्र श्री मो0 अली व्यक्तिगत परीक्षार्थी बी0ए0 प्रथम वर्ष 1989, अनुक्रमांक 1091177 कुल योग 123/350 परीक्षाफल उत्तीर्ण, विश्वविद्यालय अभिलेख (सारणीयन पंजिका) में अंकित करते हुये एवं तद्क्रम में बी0ए0 तृतीय वर्ष में अंकित R.D. निरस्त करते हुये परीक्षा परिणाम (प्रथम वर्ष 123/350, द्वितीय वर्ष 313/700 एवं तृतीय वर्ष 467/1050) उत्तीर्ण तृतीय श्रेणी संशोधित करते हुये सत्यापन प्रमाण पत्र/निस्तारण आदेश निर्गत किया जाय।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

**मद संख्या 2023.13.04 अ.म.**

**सत्र 2022–23 की एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर एवं पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षा के उपरान्त परीक्षार्थियों/महाविद्यालयों द्वारा विषय परिवर्तित किये जाने के अनुरोध पर विचार।**

**निर्णय–**

परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सत्र 2022–23 की एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर एवं पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षायें समाप्त हो जाने के उपरान्त परीक्षार्थियों का विषय परिवर्तन विश्वविद्यालय में उपलब्ध डॉटा के आधार पर किये जाने हेतु परीक्षा नियन्त्रक को अधिकृत किया जाता है।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

**मद संख्या 2023.13.05 अ.म.**

**एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम की छात्रा हिमांशी अवस्थी के प्रार्थना पत्र द्वारा एम0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर में दिये गये बैक पेपर के आधार पर द्वितीय सेमेस्टर में अंक अपडेट किये जाने सम्बन्धी अनुरोध पर विचार।**

**निर्णय–**

एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम की छात्रा हिमांशी अवस्थी के प्रार्थना पत्र पर परीक्षा समिति द्वारा सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। छात्रा हिमांशी अवस्थी को एम0बी0ए0 (द्वितीय सेमेस्टर) सत्र 2020–21 में कोविड–2019 के कारण प्रमोट किया था तथा इस सत्र में प्रथम सेमेस्टर के आधार पर अंक आवंटित किया गया था। प्रथम सेमेस्टर में कैरी ओवर होने के कारण छात्रा का द्वितीय सेमेस्टर में कैरी ओवर आया था। छात्रा द्वारा प्रथम सेमेस्टर में बैक पेपर दिया गया परन्तु द्वितीय सेमेस्टर में बैक पेपर नहीं दिया गया। अब छात्रा द्वारा प्रथम सेमेस्टर के आधार पर द्वितीय सेमेस्टर से कैरी ओवर समाप्त किये जाने का अनुरोध किया जा रहा है। समिति की राय में छात्रा को कोरोना काल

का लाभ बार–बार नहीं दिया जा सकता है। छात्रा को द्वितीय सेमेस्टर के सम्बन्धित विषय/प्रश्नपत्र में बैक पेपर में सम्मिलित होना चाहिए।

अतः समिति द्वारा सर्वसम्मति से छात्रा हिमांशी अवस्थी को एम0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर में दिये गये बैक पेपर के आधार पर द्वितीय सेमेस्टर में अंक अपडेट किये जाने का अनुरोध अस्वीकार किया जाता है।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

**मद संख्या 2023.13.06 अ.म.**

**कु0 पूजा सिंह पुत्री श्री वीर सिंह द्वारा बी.एस.सी. पाठ्यक्रम (वर्ष 2015) की अंकतालिकाओं/प्रमाण–पत्र में अपना नाम कु0 प्रज्ञा सिंह पुत्री श्री वीर सिंह के स्थान पर कु0 पूजा सिंह पुत्री श्री वीर सिंह किये जाने सम्बन्धी प्रस्तुत आवेदन के प्रकरण पर विचार।**

**निर्णय–**

समिति के सदस्यों द्वारा समस्त प्रपत्रों का अवलोकन किया गया तथा यह पाया गया कि छात्रा द्वारा नाम संशोधन हेतु विश्वविद्यालय में न तो पाठ्यक्रम पूर्ण करने के दौरान और न ही पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरान्त पॉच वर्षों तक आवेदन किया गया। आवेदनकर्ता द्वारा अंकतालिकाओं की मूलप्रतियों के स्थान पर द्वितीय प्रति (Duplicate) प्रस्तुत की गयीं है एवं महाविद्यालय द्वारा एक ही छात्रा (कथित नाम पूजा सिंह) के बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष 2012–13, बी0एस–सी0 द्वितीय वर्ष 2013–14 एवं बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष 2014–15 (तीनों वर्षों) के दो भिन्न–भिन्न प्रवेशार्थ आवेदन पत्र महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किये गये है, जो कि प्रकरण की संदिग्धता को परिलक्षित करता है।

उपरोक्त बिन्दुओं एवं अन्य प्रपत्रों के आलोक में समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है कि विश्वविद्यालय के अभिलेखों में पाठ्यक्रम (बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष 2012–13, अनुक्रमांक 0768834 बी0एस–सी0 द्वितीय वर्ष 2013–14 अनुक्रमांक 2064981 एवं बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष 2014–15, अनुक्रमांक 6061722) में उल्लिखित छात्रा का नाम प्रज्ञा सिंह से पूजा सिंह किया जाना उचित नहीं है एवं कु0 पूजा सिंह द्वारा नाम संशोधन (प्रज्ञा सिंह से पूजा सिंह) किये जाने सम्बन्धी प्रत्यावेदन निरस्त किया जाता है।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

**मद संख्या 2023.13.07 अ.म.**

**विगत सत्र में परीक्षार्थियों के छूटे हुये प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाओं को आगामी सत्र में सम्बन्धित विषय की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के साथ कराये जाने पर विचार।**

**निर्णय–**

विगत सत्र में परीक्षार्थियों के छूटे हुये प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाओं के सम्बन्ध में परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ऐसे छात्रों द्वारा प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाओं में सम्मिलित न होने का पर्याप्त कारण होने पर उनकी प्रायोगिक/मौखिक परीक्षायें सम्बन्धित महाविद्यालय के नज़दीकी राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय में करायी जाये।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

**मद संख्या 2023.13.08 अ.म.**

**सरस्वती मेडिकल कालेज, उन्नाव द्वारा आन्तरिक परीक्षकों की अपूर्ण सूची उपलब्ध कराये जाने के फलस्वरूप रू0 1500000.00 (रूपये पन्द्रह लाख) का अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुये विश्वविद्यालय द्वारा आन्तरिक परीक्षकों का पैनल उपलब्ध कराये जाने के निर्णय से संसूचित किया जाना।**

**निर्णय–**

परीक्षा समिति उपरोक्त से संसूचित हुयी।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

**मद संख्या 2023.13.09 अ.म.**

**सत्र 2022–23 की एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर एवं पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाओं हेतु जिन महाविद्यालयों में आन्तरिक परीक्षक उपलब्ध नही हैं, ऐसे महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय द्वारा आन्तरिक परीक्षक उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी लिये गये निर्णय से संसूचित किया जाना।**

**निर्णय–**

परीक्षा समिति उपरोक्त से संसूचित होते हुए सत्र 2022–23 की एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर एवं पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षायें दिनांक 10.04.2023 तक पूर्ण कराये जाने का निर्णय लिया गया।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

**मद संख्या 2023.13.10 अ.म.**

**एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम में चैलेन्ज एवैलुवेशन की समाप्ति के उपरान्त वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार।**

**निर्णय–**

एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम में चैलेन्ज एवैलुवेशन के सम्बन्ध में निर्णय लिये जाने हेतु परीक्षा समिति द्वारा माननीय कुलपति जी को अधिकृत किया गया।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

**मद संख्या 2023.13.11 अ.म.**

**यू0एफ0एम0 कमेटी का गठन।**

**निर्णय–**

यू0एफ0एम0 कमेटी के गठन हेतु परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा नियन्त्रक को अधिकृत किया गया।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्यालय**

अन्त में मा0 कुलपति जी द्वारा सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

**(प्रो0 सुधान्शु पाण्डिया)**
**परीक्षा नियंत्रक/सचिव, परीक्षा समिति**

**(प्रो० विनय कुमार पाठक)**
**कुलपति/अध्यक्ष**